# 300 लीटर नकली रिफाइंड जब्त, कैंसर वाले तेल से बन रही दिवाली की मिठाई, FSSAI ने बताए शुद्ध तेल की जांच के 4 उपाय



मध्य प्रदेश के ग्वालियर में फूड सेफ्टी विभाग ने नकली रिफाइंड से भरा गोदाम पकड़ा। यहां नकली तेल की 15 लीटर से भरी 11 टीन जब की गई हैं। इसी जिले में एक अन्य जगह 10 किलो नकली घी और 10 किलो नकली रिफाइंड की टीन जब की गई हैं। इधर उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में टीम ने 62 किलो नकली देशी घी जब्त किया है। इन दिनों ऐसे अनगिनत मामले देखने को मिल रहे हैं।

दिवाली का पर्व नजदीक है और इन दिनों मिठाई और पकवानों के लिए तेल, घी और रिफाइंड की डिमांड बढ़ जाती है। रिफाइंड और तेल से रसगुल्ले से लेकर जलेबी तक तमाम मिठाई बनाई जाती हैं जिनका दिवाली में खूब इस्तेमाल होता है।

नकली और मिलावटी तेल से आपको पाचन, किडनी, किडनी, लिवर की समस्याएं और कैंसर तक का जोखिम हो सकता है। चलिए विस्तार से समझते हैं कि नकली या मिलावटी रिफाइंड सेहत के लिए कितना खतरनाक हो सकता है और आप असली रिफाइंड की किअसे पहचान कर सकते हैं।

Source:
https://navbharattimes.indiatimes.com/lifestyle/health/around-300-liter-fake-refined-oil-seized-before-diwali-adulterated-oil-can-cause-cancer-fssai-told-easy-tips-to-check-oil-quality-at-home/articleshow/114530494.cms